Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 247 रायपुर, मंगलवार 30 सितम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

प्रदेश के श्मशान घाटों की बदहाल स्थिति पर हाईकोर्ट ने जताई चिंता, राज्य सरकार को सुधार के दिए निर्देश

बिलासपुर, 30 सितंबर (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट ने राज्य के श्मशान घाटों और अंत्येष्टि स्थलों की स्थिति में सुधार के लिए निर्देश दिए हैं। अवकाश पर सोमवार को संज्ञान लेकर जारी आदेश में कोर्ट ने कहा है कि सम्मानजनक मृत्यु और दाह संस्कार का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों में शामिल है।

चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने कहा कि कोई व्यक्ति स्वर्ग सिधार जाता है, तो उसका शरीर सम्मानजनक विदाई का हकदार होता है। शव कोई ऐसी वस्तु नहीं है जिसका अमानवीय तरीके से अंतिम संस्कार किया जाए। मृत व्यक्ति के साथ भावनाएं जुड़ी होती हैं, इसलिए परिवार के सभी सदस्य-रिश्तेदार आदि निश्चित रूप से उसे सम्मानजनक तरीके से और शांतिपूर्ण माहौल में अंतिम विदाई देना चाहेंगे। ऐसी सार्वजनिक सुविधाओं में सभ्य और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना राज्य का संवैधानिक दायित्व है। ऐसा न करना संविधान, नगरपालिका अधिनियमों और विभिन्न पर्यावरण एवं जन स्वास्थ्य कानूनों के तहत अपने कर्तव्य का परित्याग है। ऐसी स्थिति लगभग पूरे राज्य में मौजूद है, खासकर जब उक्त मुक्तिधाम किसी ग्राम पंचायत या ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

दरअसल चीफ जस्टिस रहंगी ग्राम पंचायत स्थित मुक्तिधाम (अंत्येष्टि स्थल) में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। वहां मुक्तिधाम दयनीय स्थिति में पाया। उक्त मुक्तिधाम में न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं हैं। कोई चारदीवारी या बाड़ नहीं है जिससे यह पहचाना जा

सके कि वह क्षेत्र कितना है या किस स्थान तक अंतिम संस्कार, दाह संस्कार या दफ़नाया जा सकता है। वहां कोई पहुंच मार्ग नहीं है और उक्त मार्ग खाइयों से भरा हुआ है। इस बरसात के मौसम में, यह पानी से भर गया था जिससे लोगों के लिए श्मशान घाट तक पहुंचनाएक थकाऊ काम बन गया है। यह इलाका झाड़ियों से भरा है, जो यह साँपों और अन्य ज़हरीले कीड़ों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल होने से खतरनाक है। इसके अलावा, यह भी देखा गया कि सफाई का पूर्ण अभाव था। दाह संस्कार से पहले और बाद में इस्तेमाल की गई चीज़ें, फेंक दिए गए कपड़े, पॉलीथीन बैग, शराब की बोतलें पड़ी थीं। अंत्येष्टि में शामिल होने वालों के लिए शेड या बैठने की कोई सुविधा नहीं है। लोगों को हर मौसम में घंटों खुले आसमान के नीचे खड़े रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है। रोशनी, डस्टबिन, देखभालकर्ता नहीं है, जिससे किसी भी प्रकार की सहायता सेवा के लिए संपर्क किया जा सके। अधिकृत कर्मियों का मोबाइल नंबर दर्शाने वाला कोई साइनबोर्ड नहीं है, न ही शौचालय है। नगर निगम, स्थानीय निकाय अंत्येष्टि स्थल पर तत्काल व्यापक सफाई और स्वच्छता अभियान चलाए। कचरा, खरपतवार, जमा पानी और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया जाए। बुनियादी ढांचे की मरम्मत, जिले के सभी श्मशान घाटों की स्थिति की निगरानी। सभी श्मशान-दफन के लिए एक रजिस्टर (डिजिटल या मैनुअल) रखा जाए। स्थल पर एक हेल्पलाइन नंबर और शिकायत निवारण तंत्र प्रदर्शित किया जाए

राज्य जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक समिति का गठन कर सकता है, जिसमें नगरपालिका अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी और स्थानीय गैर सरकारी संगठन शामिल होंगे, जो नियमित अंतराल पर श्मशान घाटों का निरीक्षण करेंगे। राज्य सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी श्मशान-अंत्येष्टि घाटों के रखरखाव और उन्नयन के लिए पर्याप्त धनराशि का आवंटन सुनिश्चित करेगी। राज्य श्मशान घाटों के उन्नयन और सुधार के लिए न्यूनतम मानक दिशानिर्देश रोडमैप तैयार कर सकता है। कोर्ट ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह सचिव, छत्तीसगढ़ सरकार, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग को इस याचिका में पक्षकार प्रतिवादी संख्या 8 के रूप में पक्षकार बनाए। इसके अलावा, मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ सरकार, सचिव, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग, और जिला मजिस्ट्रेट-कलेक्टर, बिलासपुर को व्यक्तिगत शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

नक्सलियों के डंप किए बंदूक, प्रेशर कुकर बम सहित विस्फोटक सामान बरामद

नारायणपुर, 30 सितंबर (हाईवे चैनल)। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी है. इस बीच जवानों ने नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगलों में बड़ी सफलता हासिल की है. एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान मोहनार-तोयापारा मुख्य मार्ग से नक्सलियों का डंप सामान बरामद हुआ है. मौके से भरमार बंदूक, प्रेशर कूकर बम समेत विस्फोटक सामग्री जब्त किया गया है.

सुरक्षाबलों को मिली सफलता

दरअसल, धनोरा थाना क्षेत्र में 29 सितंबर को नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया. इस दौरान आईईडी होने की आशंका पर बीडीएस टीम ने सर्च किया. आशंका जताई गई कि बरामदगी स्थल के आसपास नक्सलियों की नेलनार एरिया कमेटी की सक्रियता है. यह कार्रवाई जिला बल, आईटीबीपी 29वीं वाहिनी की ई समवाय और थाना धनोरा में तैनात जिला बल के जवानों ने की है.

सुरक्षा बलों ने बरामद किए 5 आईईडी, बड़ी वारदात टली

इधर सुकमा के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कोडलियार इलाके में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। डी-माइनिंग और सर्चिंग अभियान के दौरान जवानों ने 5-5 किलो वजनी कूकर कमांड आईईडी बरामद किए। आईटीबीपी की 53वीं बटालियन, जिला बल और बीडीएस की संयुक्त टीम ने सभी आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार बस्तर से नक्सलवाद खत्म करने के लिए आक्रामक रणनीति पर काम कर रही है। जंगल के साथ-साथ अर्बन नेटवर्क को भी ध्वस्त करने पर जोर दिया जा रहा है। हाल ही में रायपुर से इनामी नक्सली रामा हिंचाम की गिरफ्तारी इस अभियान की बड़ी सफलता रही। तेलंगाना और बस्तर से भी कई बड़े नक्सली नेता या तो मारे गए हैं या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इसी दबाव के कारण संगठन में मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं—एक ओर प्रवक्ता वार्ता की पेशकश कर रहा है तो दूसरी ओर संगठन का दूसरा धड़ा इसका विरोध कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, कई नक्सली नेता आत्मसमर्पण की तैयारी में सुरक्षा बलों से संपर्क साध रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि मार्च 2026 तक बस्तर से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।

ब्रेकिंग न्यूज

पवन सिंह की एनडीए में वापसी तय, कुशवाहा से सुलह; भाजपा ने बिठाई नई सियासी बिसात

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)। अभिनेता और गायक पवन सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद ताबड़े की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात की। इससे माना जा रहा है कि आगामी चुनावों से पहले पवन सिंह बिहार की राजनीति में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं और उन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा राज्यसभा भेजे जाने की संभावना है। गौरतलब है कि पिछले साल सिंह को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निलंबित कर दिया था, क्योंकि उन्होंने एनडीए उम्मीदवार के खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा था। सिंह राष्ट्रीय लोक मोर्चा में शामिल होने वाले हैं। उन्होंने पार्टी प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की, जिससे उनकी राजनीतिक सक्रियता की खबरें आने लगीं। पवन सिंह लंबे समय से एनडीए के समर्थक माने जाते रहे हैं। वे भाजपा और उसके सहयोगी दलों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में कई बार शामिल हुए हैं। बिहार चुनाव में उनके शामिल होने को एनडीए खेमे के लिए एक बड़ा फायदा माना जा रहा है। 2024 में पवन ने काराकाट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। हालाँकि, वे भाकपा-माले के राजाराम सिंह कुशवाहा से चुनाव हार गए।

अमेरिकी दबाव में पीए ने नहीं की पाकिस्तान पर कार्रवाई : चिदंबरम्

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी चिदंबरम ने स्वीकार किया है कि तत्कालीन यूपीए सरकार ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय दबाव, खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका के दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला किया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि हालाँकि बदला लेने का विचार मेरे मन में आया था, लेकिन सरकार ने सैन्य कार्रवाई न करने का फैसला किया। हालांकि, उनकी यह टिप्पणी भाजपा को रास नहीं आई और उन्होंने इस स्वीकारोक्ति को बहुत कम और बहुत देर से लिया गया बताया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने एक समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, पूरी दुनिया दिल्ली में यह कहने आई थी कि युद्ध शुरू मत करो।

भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय मल्होत्रा नहीं रहे

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का आज दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे 94 साल के थे। उनका जन्म 3 दिसंबर 1931 को लाहौर शहर में हुआ था। जो अब पाकिस्तान में है। वीके मल्होत्रा दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद और सांसद रह चुके हैं। कुछ दिनों से वह एम्स में भर्ती थे। जहां उनका इलाज चल रहा था और आज सुबह लगभग 6 बजे उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया।

इस मौके पर दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि अत्यंत दुख के साथ यह बताना पड़ रहा है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा जी का आज प्रातः आकस्मिक निधन हो गया है। वह 94वें वर्ष के थे।आगे कहा कि प्रो. विजय मल्होत्रा जी का जीवन सादगी एवं जन सेवा को समर्पण की मिसाल रहा, उन्होने दिल्ली में संघ की विचारधारा के विस्तार के लिए जनसंघ काल से बहुत काम किया। पीएम मोदी ने उनके घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

फिल्म 'बलिदानी राजा गुरु बालकदास' को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने की घोषणा

रायपुर, 30 सितम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ी फिल्म देखने पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंहमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित अंबुजा मॉल के सिनेमाघर में छत्तीसगढ़ी फिल्म बलिदानी राजा गुरु बालकदास को देखने पहुँचे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, विधायक रोहित साहू, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सतनामी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बलिदानी राजा गुरु बालकदास फिल्म साहस और शौर्य की अनुपम गाथा है। गुरु बालकदास ने अंग्रेजों एवं पिंडारियों द्वारा किसानों पर किए जा रहे अत्याचार और भुखमरी के विरुद्ध न केवल संघर्ष किया,

बल्कि समाज को संगठित करने का भी प्रयास किया। उन्होंने शिक्षा का अलख जगाने, सामाजिक सद्भाव को बढ़ाने और अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों का विरोध करने के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा कि हमारे कलाकार, निर्देशक और पूरी यूनिट मेहनत और लगन से कार्य कर रही है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा आज दर्शकों के दिलों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित फिल्म सिटी का निर्माण छत्तीसगढ़ी सिनेमा को बेहतर अधोसंरचना, अधिक अवसर और राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और राज्य की सांस्कृतिक पहचान और भी सशक्त होगी।

पाकिस्तान के क्वेटा में जबरदस्त धमाका, छह की मौत और 15 से ज्यादा घायल; अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)।पाकिस्तान के क्वेटा शहर में जबरदस्त विस्फोट हुआ है, जिसमें छह लोगों की मौत हुई है। धमाके में कई लोग घायल भी हुए हैं। क्वेटा पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी है। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने बताया कि बम विस्फोट के चलते क्वेटा के अस्पतालों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। सभी डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सों आदि को ड्यूटी पर मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बम धमाका क्वेटा की जरगून रोड के करीब हुआ। धमाके में कम से कम छह लोगों की मौत की खबर

है और 15 अन्य घायल हुए हैं। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य विभाग के मीडिया संयोजक ने बताया कि घायलों को सिविल अस्पताल समेत विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बम धमाके का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि एक व्यस्त सड़क पर अचानक तेज धमाका हुआ, जिसकी चपेट में सड़क पर मौजूद कई लोग आ गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह एक आत्मघाती धमाका है। गौरतलब है कि बीती 4 सितंबर को भी क्वेटा में एक राजनीतिक रैली के दौरान हुए बम धमाके में 15 लोगों की मौत हो गई थी और 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

मशहूर फिल्म निर्माता यशवंत सरदेशपांडे का निधन

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मनोरंजन जगत से हाल ही में एक बुरी खबर सामने आई है। कन्नड़ रंगमंच के मशहूर कलाकार, लेखक, निर्देशक और फिल्म निर्माता यशवंत सरदेशपांडे का सोमवार, 29 सितंबर 2025 की सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे बेंगलुरु स्थित अपने घर में अचानक सीने में दर्द से बेहोश हो गए, जिसके बाद उन्हें तुरंत फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके अचानक निधन से कन्नड़ थिएटर और फिल्म इंडस्ट्री गहरे सदमे में है।

28 सितंबर की शाम 62 वर्षीय यशवंत सरदेशपांडे धारवाड़ में थे, जहां उन्होंने अपने एक नाटक का मंचन किया था। नाटक खत्म करने के बाद वे रात में बेंगलुरु लौट आए। अगले दिन यानी 29 सितंबर की सुबह जब वे घर पर थे, तो अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई और वे बेहोश हो गए। उन्हें फौरन फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह 10 बजे के करीब उनका निधन हो गया। परिवार की ओर से उनके अंतिम संस्कार की जानकारी अभी तक शेयर नहीं की गई है।

आधी रात गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचे युवक की रस्सी से बांधकर पिटाई, 2 आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर, 30 सितंबर (हाईवे चैनल)। चलगली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अलका में एक युवक को प्रेम प्रसंग के चलते हाथ रस्सी से बांधकर डंडे से बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया था. इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. शिकायत के बाद थाना चलगली पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार, ग्राम मुरका निवासी सुभय आयम (22 वर्ष) ने थाना चलगली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उसने पुलिस को बताया कि 24-25 सितंबर की दरम्यानी रात वह अपनी प्रेमिका से मिलने ग्राम अलका गया था. उसी दौरान गांव के लहन सिंह धुर्वे (46 वर्ष) और रामरुप (30 वर्ष) ने उसे पकड़ लिया. आरोपियों ने युवक के हाथ रस्सी से बांध दिए और फिर डंडे से उसकी बेरहमी से पिटाई की.

युवक ने किसी तरह घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी. परिजन उसे लेकर थाना चलगली पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई.प्रार्थी की शिकायत पर थाना चलगली पुलिस ने अपराध क्रमांक 75/2025 दर्ज किया. इस मामले में आरोपियों पर धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को उनके गांव अलका से ही गिरफ्तार कर लिया. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है. पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस तरह की तालिबानी हरकत किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. गांव में युवक की रस्सी से बांधकर पिटाई की घटना चर्चा का विषय बनी हुई है. लोगों का कहना है कि कानून हाथ में लेकर किसी को इस तरह सजा देना पूरी तरह निंदनीय है. ग्रामीणों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है.

भगवंत मान का बड़ा आरोप : पंजाब में अघोषित राष्ट्रपति शासन लागू

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को दावा किया कि भाजपा ने पंजाब में अघोषित राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल प्रधानमंत्री से मिलते हैं। उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने का समय नहीं मिलता... आपने पंजाब में अघोषित राष्ट्रपति शासन लगा दिया है। अगर पंजाब खाद्यान्न देने से इनकार कर दे तो आप क्या करेंगे? एक तरफ तो वे कहते हैं कि पंजाब हमारा अन्नदाता है, लेकिन जब नुकसान होता है, तो कहते हैं कि पैसा नहीं मिलेगा।

बिहार को केंद्र सरकार की सहायता पर टिप्पणी करते हुए, पंजाब के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उन्होंने बिहार की महिलाओं के लिए विशेष रूप से 7,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब में

केंद्र पर साधा निशाना

महिलाएं संघर्ष कर रही हैं, और उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को उनकी दुर्दशा की कोई परवाह नहीं है। मान ने कहा कि बिहार में, जहाँ चुनाव हो रहे हैं, उन्होंने महिलाओं को लगभग 7,000 करोड़ रुपये दिए। यहाँ भी, महिलाएँ डूब रही हैं। वे तंबुओं में रह रही हैं, उनके घर पानी में डूबे हुए हैं। उन्हें यहाँ की बहनों और माताओं की कोई परवाह नहीं है... मैं कल केंद्रीय गृह मंत्री के साथ इस सब पर चर्चा करूँगा। उन्होंने (केंद्र सरकार ने) पंजाब को एक अघोषित केंद्र शासित प्रदेश बना दिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि वहाँ एक निर्वाचित सरकार है और केंद्रीय अधिकारियों पर जनादेश का अपमान करने का आरोप लगाया। मान ने आगे कहा, यह सरकार एक चुनी हुई सरकार है। हमारे पास 93 सीटें हैं। हमने उनकी तरह इधर-उधर से जुगाड़ नहीं किया है। वे जनादेश का अपमान कर रहे हैं। इससे पहले, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दावा किया कि पंजाब ने 20,000 करोड़ रुपये की सहायता मांगी थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केवल 1,600 करोड़ रुपये की घोषणा की, जो अभी तक वितरित नहीं हुई है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, रावण की ऊंचाई दिनोंदिन बढ़ती जा रही है।

चुहिया- हां जी, ये तो कलयुग है सही-गलत की पहचान कहां है..?